सम्मानित किया

सूरौठ । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन निर्वाचन विभाग की गाइडलाइन के अनुसार मनाया गया इस अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार पाराशर, बीएलओ हरिमोहन पुष्पद, भाग संख्या 119 व बीएलओ बलवीर सिंह वर्मा, भाग संख्या 123 द्वारा सूरौठ क्षेत्र की शतायु मतदाता बत्तोबाई मीणा उम्र 103 साल, भाग संख्या 119 के घर पहुँच कर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में निर्वाचन विभाग का प्रमाण पत्र देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं वृद्ध मतदाता ने इस अवसर पर मतदान संबंधी अपने विचार प्रस्तुत कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया, इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, तथा मतदान के प्रति लोगों को जागरुक कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया इस सप्ताह पर स्थानीय विद्यालय का स्टाफ, सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार पाराशर, बीएलओ हरिमोहन पुष्पद, बलवीर सिंह, वर्मा, विश्राम मीणा, सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक रामनिवास मीणा, जोगनी बाई मीणा, लड्डू मीणा, राधेश्याम मीणा, रामजीलाल मीणा, रूकम मीणा, आदि इस मौके पर उपस्थित रहे बीएलओ शिवचरण जाटव भाग संख्या 125, अजीत सिंह भाग संख्या 122, महेश चंद्र 124, यशवीर सिंह भागोड संख्या 121 इस मौके पर उपस्थित रहे।

जिला गंगापुर सिटी को यथावत रखने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी

गंगापुर सिटी । जिला गंगापुर सिटी को यथावत रखने की मांग को लेकर जिला बचाओ संघर्ष समिति का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन लगातार 4वें दिन भी जारी रहा है। जिसमें वार्ड नं. 5 से 8

- जिला गंगापुर सिटी में रिक्त किये गये पुलिस अधीक्षक को पुनः भरने की मांग को लेकर आमजन धरना स्थल पर मौजूद रहे।
- सरकार द्वारा गंगापुर सिटी जिले को खत्म किया जा रहा है। इसी अंदेशे को लेकर प्रतिदिन धरना स्थल पर आमजन द्वारा सांकेतिक धरना दिया जा रहा है।

तक के जनप्रतिनिधि एवं आमजन धरना का हिस्सा रहा। जिला गंगापुर सिटी में रिक्त किये गये पुलिस अधीक्षक को पुनः भरने की मांग को लेकर आमजन

जिला को यथावत रखने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते शहर के लोग।

धरना स्थल पर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक के रिक्त पद एवं उनके सरकारी वाहन को वापिस केन्द्रीय भण्डारण में मंगवाने से जिला गंगापुर सिटी की आम जनता में रोष व्याप्त है और धारना बनी हुई है कि धरने के 5वें दिन यदि पुलिस अधीक्षक के पद को नही भरा जाता है तो उक्त सांकेतिक धरना-प्रदर्शन को तेज गति दी जायेगी जिसमें जिले की आम जनता भारी तादाद में अपना विरोध दर्ज करेगी। 2 अक्टूबर 2024 को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती भी आमजन द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित धरना स्थल पर ही मनाई जायेगी। प्रातः 11.30 बजे पंचायत समिति परिसर में स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा इसके पश्चात धरना स्थल पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें गायिका काजल जादो द्वारा रामधुनी की प्रस्तुति दी जायेगी। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक रामकेश मीना द्वारा जिला बचाने को लेकर जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया जिसका हरगोविन्द कटारिया को संरक्षक नियुक्त किया गया है। कटारिया जिले की सभी तहसीलों में जाकर आमजन को जिला बचाने के प्रति जागरूक करेंगे। सांकेतिक धरना प्रदर्शन में 2 अक्टूबर 2024 को वार्ड नं. 9 से 12 तक के प्रतिनिधि एवं आमजन शामिल होकर अपना समर्थन देंगे।

धरना स्थल पर पीसीसी सदस्य मुकेश शर्मा, अब्दुल वहाब, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन खान, छोटेलाल व्यास, हरगोविन्द कटारिया, बामनवास ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम झाडौली, पार्षद कृष्णकुमार गोयल, पार्षद मदन पचौरी, महबूब, फिरोज खान, पार्षद जरीना बानो, लखन वाल्मिकी, मुबारिक अली, राकेश छान, अनवर खान, सुबहसिंह सैमाडा, मण्डल अध्यक्ष नेतराम बैरवा, रामजीलाल सैनी, डॉ. बुधराम मीना, पिन्टू बडौली, कैलाशचन्द, रामफल पटेल बडौदा, विकास जैन, किशन जाटव, महिलाओं में बीना मीना एवं दर्जनों की संख्या में महिलाएँ, एवं सैकडों आमजन-उपस्थित-थे।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर आज

पोस्टर का विमोचन करते जिला कलेक्टर।

गंगापुर सिटी । रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर आयोजन आज बुधवार को रिया हॉस्पिटल में किया जाएगा। मंगलवार 1 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में गंगापुर सिटी कलेक्टर डॉ गौरव सैनी एवं एसीओ शैलेन्द्र सिंह द्वारा रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, जनरल सेक्रेटरी भविष्य कुमार भानु, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल और कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र शास्त्री और जनरल सेकेटरी भविष्य कुमार भानु ने बताया कि जिला गंगापुर सिटी शाखा अध्यक्ष जिले के कलेक्टर ही होते हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर कल सुबह 10 बजे से 2 तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी ने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान सभी दोनों में महादान माना गया है हम रक्तदान करके किसी का जीवन बचा सकते हैं।

युवा मोर्चा का छात्र सम्पर्क अभियान शुरू

करौली (नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के 1 से 5 अक्टूबर तक चलने वाले युवा सदस्यता अभियान के तहत छात्र सम्पर्क अभियान को लेकर भाजपा सदस्यता अभियान के कार्यकर्ताओं ने कई कॉलेज के बाहर और कोचिंग संस्थानों में सम्पर्क कर युवाओं को सदस्य बनाया सदस्यता अभियान युवा मोर्चा के सहसयोंजक जीतू शुक्ला ने बताया की युवा मोर्चा का पांच दिवसीय छात्र सम्पर्क अभियान शुरू हुआ है जिसमे अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जोडा जायेगा मंगलवार को छात्र सम्पर्क अभियान में भाजपा सदस्यता अभियान के जिलासह सयोंजक उत्तम सिंह जादौन और युवा मोर्चा सहसयोंजक जीतू शुक्ला सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने कई दुकानों, कॉलेज के बाहर, कोचिंग संस्थानो के बाहर युवा सदस्यों को सदस्यता अभियान में जोडा इस दौरान अनेकों युवाओं ने मिस्ड कॉल करके भाजपा कि सदस्यता लीं इस दौरान पंकज शुक्ला, शानू यदुवंशी, वरुण चतुर्वेदी, वेदप्रताप आदि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिकों की लॉटरी सूची निकाली

करौली (नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि 30 सितम्बर को आयोजित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से तीर्थ यात्रियों के चयन हेतु डीओआईटी वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट सभागार करौली में जिला स्तरीय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जिसमें अंतिम हवाई मुख्य सूची में 127, अंतिम हवाई प्रतीक्षा सूची में 127, अंतिम हवाई अतिरिक्त सूची में 79, अंतिम रेल मुख्य सूची में 637, अंतिम रेल प्रतीक्षा सूची में 636 तथा अंतिम रेल अतिरिक्त सूची में 32 पात्र वरिष्ठ नागरिकों की लॉटरी निकाली गई जिसका उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

मोहम्मद गाजी ने नाबाद शतक लगाया

करौली (नि.स.)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जा रही है सीनियर चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी प्रतियोगिता में करौली जिले के मोहम्मद गाजी ने नाबाद शतक लगाया। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि मोहम्मद गाजी ने यह शतक राजस्थान चैलेंजर की बी टीम की तरफ से खेलते हुए 103 बॉल पर 106 रन नॉट आउट बनाए। इसी प्रकार करौली जिले के जय गोयल ने टीम एफ कि तरफ से खेलते हुए 5 बॉल पर 18 रन बनाएं एवं एक विकेट भी लिया। इसी प्रकार टीए सी कि तरफ से खेलते हुए भूपेंद्र शर्मा ने 8 ओवर में 4 विकेट लिए। जिस पर जिला क्रिकेट संघ करौली के समस्त पदाधिकारी एवं क्रिकेट खिलाडियों ने उन्हे बधाई दी है।

ज्येष्ठ वयोवृद्ध मतदाताओं का सम्मान

भरतपुर (निस)। वृद्धजन दिवस पर पर चीफ इलेक्शन कमीशन नवीन महाजन आइएएस द्वारा श्रद्धेय वरिष्ठतम मतदाता को सम्मानित करने के आदेशानुसार सावित्री देवी शर्मा हबीबपुर, उम्र 103 साल को सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए सुपरवाइजर भूपेन्द्र सिंह मीना व्याख्याता ने बताया कि बीएलओ 183 धीरज कुमार गुप्ता के साथ सावित्री देवी शर्मा हबीबपुर के घर जाकर चुनाव आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाता सम्मान हेतु सम्मान पत्र को सोपते हुए सुपरवाइजर ने उसका वाचन किया। जिसमें सीईओ नवीन महाजन ने लिखा था कि श्रद्धेय वरिष्ठ मतदाता देश की निर्वाचन प्रक्रिया में आपके निरंतर योगदान के लिए आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर और इस तरह भारतीय लोकतंत्र और सुदृढ करने के अपने जोश एवं समर्पण से अपने देश के युवाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। आप जैसे उत्तरदायी वरिष्ठ मतदाताओं के कारण ही हम एक लोकतंत्र के रूप में दुनिया में फल फूल रहे हैं और आगे बढ रहे हैं आप निर्वाचन प्रक्रिया को सुद्धरण करने और निर्वाचनों को सही मायनों में स्वतंत्र समावेशी सुगम और सहभागी बनने के लिए निरंतर प्रगतिशील तंत्र के भी साक्षी हैं।

महिलाओ ने हंसी के फब्बारे कार्यक्रम में लिया भाग

करौली (नि.स.)। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में अग्रवाल महिला मंडलों की कड़ी में हंसी के फब्बारे कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें अध्यक्ष मंजू सिंहल ने बताया कि महिलाओं ने हंसी के फब्बारे कार्यक्रमों में हिस्सा लिया कार्यक्रम की संयोजिका लक्ष्मी गुप्ता और पूजा सिंगल रही।

उन्होंने बताया कि गेम्स प्रतियोगिता कि संयोजिका लता संघाई, अरुणा गोयल और शालिनी रही सभी बालिकाएं और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर गेम्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और मनोबल बढ़ाया महामंत्री नीतू गुप्ता ने बताया कि गेम्स प्रतियोगिता में महिलाओं में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी गुप्ता पत्नी योगेश गर्ग, द्वितीय स्थान पर पृथ्वी गुप्ता पत्नी हरीश कुमार गुप्ता रही कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने बताया कि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर राशि गुप्ता पुत्री अमित गुप्ता, द्वितीय स्थान पर श्रेया गुप्ता पुत्री भगवान सहाय गुप्ता रही उन्होने बताया कि कार्यक्रम कि अगली कडी में आज बुधवार को महिलाओ और बालिकाओ का नृत्य प्रतियोगिता आयोजित कि जाएगी जिसमें सभी बढ चढ़कर हिस्सा ले प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारी रेखा गोयंका, प्रदेश पदाधिकारी गायत्री सर्राफ, जिला पदाधिकारी रेनू गर्ग, चंद्रकांता गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष उर्मिला भगत, हेमलता सर्राफ, विद्या भगत, मंत्रिमंडल कि ममता जिंदल, कृष्णा गोयंका, सुशीला, चंद्रकांता गर्ग, इंदिरा गुप्ता, आशा, माया गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य मंजू सर्राफ, हीना, अनीता गुप्ता, विनीता बंसल, सुशीला मंगल का पूरा सहयोग रहा।

तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों की जागरूकता में मीडिया की भूमिका अहम

करौली (नि.स.)। टोबैको फ्री यूथ कैंपन 2.0 के अंतर्गत मीडिया सेंसटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन एनएचएम ट्रेंनिंग सेंटर सभागार में किया गया।

जिसमें सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को टोबैको फ्री यूथ कैंपन की 60 दिवसीय कार्य योजना की गतिविधियों से अवगत कराया गया और तंबाकू दुष्प्रभावों की जागरूकता में मीडिया की भूमिका को अहम् बताकर सहयोग की अपेक्षा जताई।

सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि यह कैंपेन 60 दिवस चलेगा जिसमें पांच प्रकार की गतिविधियों का

करौली मे सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीना बाये से प्रथम ने तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामो कि जानकारी दी।

आयोजन प्रस्तावित है। अभियान के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जन जागृति, तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान, तंबाकू मुक्त ग्राम, तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कि पालना और सोशल मीडिया के द्वारा जन जागरूकता संबंधित कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभागों को कार्य योजना और कार्य के लिए, सूचित कर रिपोर्ट भिजवाने के लिए जिला कलेक्टर द्वारा निर्देश प्रदान किये गये हैं।

कांग्रेसियो ने 10 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

करौली (नि.स.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीना के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लगभग 10 माह के शासन में सरकार कि अकर्मण्यता के कारण आमजन त्रस्त है तथा चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, पानी, सडक जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में प्रदेश सरकार पूर्णत विफल रही है।

प्रदेश सरकार की विफलताओं के कारण उत्पन्न जन समस्याओं के निराकरण हेतु राष्ट्रपति के नाम का अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से जिला कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन दिया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीना ने बताया कि सौंपे ज्ञापन मे प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण फसल खराब का उचित मुआवजा किसानों को शीघ्र दिये जाने, प्रदेश में बढ़ते महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, महिला एवं नाबालिग बच्चियों के साथ बलात्कार की बढ़ती घटनाएँ, माफिया राज (खनन माफिया, बजरी माफिया, भू माफिया) को रोकने हेतु तुरन्त ठोस कार्यवाही की जाने, बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम से भ्रमित करना बंद करे कांग्रेस सरकार के समय निकाली गयी भर्तियों को अपना बता कर झूठी वाहवाही लूटना बंद करे तथा नई नौकरियों की विज्ञप्ति निकाल कर नौकरी दी जाने, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, वृधावस्था पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, इंदिरा रसोई (अन्नपूर्णा रसोई) आदि को चालू रख बजट देकर और प्रभावी बनाया जायें, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये वादे कि अनुपालना करवा कर हरियाणा के बराबर पेट्रोल डीजल की कीमतें की जावें, प्रदेश की टूटी एवं बदहाल सडकों को तुरन्त ठीक कर राहत प्रदान की जावें, प्रदेश में भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों के अमर्यादित बयानों पर शीघ्र रोक लगा कर प्रदेश में बिगडते भाईचारे को रोकने के लिये कारगर कदम उठाये जायें, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सभी योजनाओं एवं स्वीकृत विकास परियोजना कार्यों कि समीक्षा के नाम पर बंद कर रखा है उन्हें शीघ्र शुरू करावें जिस से आमजन को राहत मिल सके, प्रदेश में नवम्बर एवं जनवरी में होनेवाले नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों से एक राज्य एक चुनाव के जुमले से भ्रम की स्थिति को दूर कर शीघ्र समय पर स्वायत्त संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का कार्यक्रम जारी करायें। ज्ञापन देने के दौरान भूपेन्द्र भारद्वाज पी.सी.सी सचिव, हिन्डौन विधायक अनीता जाटव, हिन्डौन विधानसभा प्रभारी जोगिन्द्र सिंह, पूर्व जिला प्रमुख अभय कुमार मीना, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रश्मीलाल बैरवा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विश्म्भर शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, अजीत सिंह सोलंकी, तारा सिंह बैसला, अभिषेक मीणा, सतीस, सौरभ, घनश्याम मीना आदि उपस्थित रहे।

घायल समाज सेवी ने किया रक्तदान

करौली (नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय करौली में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज करौली के प्रिंसिपल डॉ. आरसी मीणा एवं नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल कैलाश बैरवा द्वारा मेडिकल एवं नर्सिंग स्टूडेंट को रक्तदान करने के प्रति प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर आम नागरिकों ने मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा एवं घायल हाथ मे फ्रैक्चर होने के बावजूद भी रेगूलर ब्लड डोनर के रूप मे पहचान रखने वाले करौली निवासी समाजसेवी बबलू शुक्ला ने अपने जीवन का 50 वा रक्तदान कर उल्लेखनीय सेवा कार्य किया वही प्रदीप गर्ग द्वारा रक्तदान किया गया।

शिविर के दौरान 31 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस दौरान डॉ. धर्म बाई मीणा, डॉ आशीष शुक्ला, नर्सिंग अधिकारी नीरज व्यास, लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र बिहारी शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, रूप सिंह गुर्जर, कंप्यूटर ऑपरेटर केतन शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

जिला कलेक्टर ने आवश्यक सेवाओ को लेकर की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गंगापुर सिटी । कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बजट-घोषणा, स्वच्छता ही सेवा गतिविधियों, सडक, पेयजल

- बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ई-फाइल डिस्पोज समय और संपर्क पोर्टल पर परिवादों के निस्तारण समय पर करने के आदेश दिए। वहीं परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर परिवादिओं को राहत दिलाने के निर्देश दिए।

और विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के बैठक में नहीं आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अगली बार बैठक में बीमा कंपनियों के

समीक्षा बैठक में मोजूद जिला स्तरीय अधिकारी।

प्रतिनिधियों से रिपोर्ट के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ई-फाइल डिस्पोज समय और संपर्क पोर्टल पर परिवादों के निस्तारण समय पर करने के आदेश दिए। वहीं परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर परिवादिओं को राहत दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही दौरे, निरीक्षण, रात्रि विश्रामों को भी संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के कलेक्टर ने निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले में मौजूद पालतू और आवारा कुत्तों की अभियान स्तर पर वैक्सीनेशन करवाकर रेबीज से आमजन के बचाव के लिए उचित रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को भिजवाने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए मच्छर रोधी गतिविधियों, फॉगिंग आदि की समीक्षा कर इस संबंध में भर्ती मरीजों के बारे में विस्तृत जानकारी सीएमएचओ से ली। डॉ. सैनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों से क्रॉप कटिंग और फसल खराबे के आंकलन प्रक्रिया का ब्यौरा लिया। साथ ही आगामी बैठक में विस्तृत रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही सभी स्तरों पर सम्बन्धित तहसीलदार और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बिठाकर क्रॉप कटिंग और फसल खराबे के आंकलन की प्रति सप्ताह समीक्षा कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। वहीं क्रॉप कटिंग एक्सपैरिमेंट समय पर पूर्ण कर निर्धारित समय में प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता जयलाल मीना, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रूप सिंह गुर्जर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

रूपवास । कस्बे के स्टेशन रोड स्थित चंद्रशाह धर्मशाला में आयोजित किया जा रहे पांच दिवसीय अग्रसेन जन्म महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज समिति की महिला इकाई के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस दौरान अग्रवाल समाज समिति महिला इकाई अध्यक्ष निर्मला देवी ने बताया कि इस पांच दिवसीय जन्म महोत्सव के तहत बालिकाओं की मेहंदी प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में पायल बंसल ने प्रथम, अक्षिता बंसल ने द्वितीय एवं शिखा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में निष्ठा गर्ग ने प्रथम एवं खुशी कंसल, वंशिका गर्ग, आशीष गर्ग संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में गुंजन कंसल प्रथम एवं वंशिका गर्ग द्वितीय स्थान पर रहीं। महिलाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रीति कंसल प्रथम, अंजना गोयल द्वितीय एवं आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। इन प्रतियोगिताओं के दौरान निर्णायक की भूमिका प्रेक्षा एवं पूजा गर्ग ने निभाई। सभी विजेता प्रतिभागियों को आज शाम अग्रवाल समाज की बैठक के दौरान सम्मानित किया जाएगा। मंच का संचालन यतेंद्र कंसल ने किया। अवसर पर कैलाशी राम मित्तल, वर्षा अग्रवाल आदि अन्य महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्क्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय स्वैच्छिक स्क्तदान दिवस 2024 के अवसर पर 1 अक्टूबर को पंजाब नैशनल बैंक भरतपुर मण्डल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

भरतपुर (निस)। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 2024 के अवसर पर 1 अक्टूबर को पंजाब नैशनल बैंक भरतपुर मण्डल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 यूनिट रक्तदान हुआ।

मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम सभी को इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिये। जिसमें 18 से अधिक आयु के लोग जिनका वजन 50 किलोग्राम से अधिक है वह रक्तदान कर सकते है। नियमित अंतराल यानी तीन महीने बाद रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर के आयरन की मॉग संतुलित रहती है और रक्तदाता को हृदयाघात (हार्ट अटैक) की संभावना नही रहती और नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है पंजाब नैशनल बैंक द्वारा इस महत्वपूर्ण दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान हेतु पहल में विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है इस अवसर पर आरसेटी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक एवं युवतियों ने भी इस पहल पर बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस अवसर पर उपमण्डल प्रमुख हरीमोहन मीणा, सहायक महाप्रबंधक अनुराग गुप्ता, एमसीसी प्रमुख प्रीतम कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक भूपेन्द्र जैन, मनीष बुलिया सहित काफी संख्या में पीएनबी स्टाफ सहित आर.बी.एम. अस्पताल की टीम में समय सिंह व उनकी टीम उपस्थित रहे।